**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2204**

**Series : SS/Annual Exam.-2025**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



Visit CollegeDekho

## खण्ड – अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

अकेला अध्यापक बालक के सम्पूर्ण विकास के लिए सब कुछ नहीं कर सकता। उसको सफलता तब मिलती है जब समाज उसकी सहायता करे। जिस प्रदेश में कलह मचा रहता हो, जिस प्रदेश में अमीर-गरीब, ऊँच-नीच की विषमता पुकार-पुकार कर द्वंद्व और प्रतियोगिता को प्रोत्साहन दे रही हो, जिस राष्ट्र की नीति शोषण पर खड़ी हो, उसके अध्यापक भला क्या करें ? जिन घरों में दाल-रोटी का ठिकाना न हो, पिता मद्यप और माता स्वैरिणी हो, माँ-बाप में मार-पीट और गाली-गलौच मची रहती हो, उसके बच्चों को पालने में ही मानव-विष दे दिया जाता है। तंग गलियों और गंदे घरों में रहने वाले, जो छोटेपन से ही अश्लीलता और अभद्रता में पले हों, सौन्दर्य को जल्दी समझ नहीं पाते। फिर भी अध्यापक परिस्थितियों को दोष देकर बैठा नहीं रह सकता। उसको तो अपना कर्त्तव्य पालन करना ही है।

*प्रश्न :*

(क) बच्चों को संस्कारवान बनाने का प्रथम दायित्व किसका है ?

(i) माता-पिता का (ii) समाज का

(iii) शासन का (iv) शिक्षक का

(ख) स्वैरिणी का क्या अर्थ है ?

(i) मनमानी करने वाली (ii) व्यभिचारिणी

(iii) बुरा व्यवहार करने वाली (iv) सीधी और सरल



Visit CollegeDekho

(ग) उपरोक्त गद्यांशानुसार 'मानव-विष' देने का अर्थ ............ है।

(i) जहर पिला देना (ii) मार डालना

(iii) बुरा व्यवहार करना (iv) अपराधी बना देना

(घ) गद्यांशानुसार आप किसके कर्त्तव्य को मुख्य मानते हैं ?

(i) समाज (ii) राज्य

(iii) अध्यापक (iv) बालक

(ङ) 'दाल-रोटी' में कौन-सा समास है ?

(i) तत्पुरुष समास (ii) द्वंद्व समास

(iii) द्विगु समास (iv) अव्ययीभाव समास

**2.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

हैं जन्म लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता।
मेह उन पर है बरसाता एक-सा,
एक सी उन पर हवाएँ हैं बही



Visit CollegeDekho

पर सदा ही यह दिखाता है हमें,
ढंग उनके एक से होते नहीं।
छेदकर काँटा किसी की उंगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर,
भँवर का है भेद देता श्याम तन।
फूल लेकर तितलियों को गोद में
भँवर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगंधों और निराले ढंग से
है सदा देता कली का जी खिला।
है खटकता एक सबकी आँख में

दूसरा है सोहता सुर शीश पर,
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत पद्यांश निम्न में से किससे संबंधित है ?

(i) फूल और तितलियों से

(ii) फूल और पौधे से

(iii) पौधे और चाँदनी से

(iv) बड़प्पन की पहचान से



Visit CollegeDekho

(ख) इस पद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है ?

(i) मानव को उसके कर्म उसे सम्मान दिलाते हैं।

(ii) समान परिवेश में रहते हुए मानव समान आदर पाते हैं।

(iii) किसी भी कुल में जन्म लेने से मनुष्य बड़ा हो सकता है।

(iv) समान पालन-पोषण होने पर अलग व्यक्तियों के स्वभाव समान होते हैं।

(ग) निम्नलिखित कथनों में से ***सही*** कथन छाँटिए :

(i) भौगोलिक परिस्थितियाँ प्राकृतिक भिन्नता का कारण हैं।

(ii) सद्गुणों के कारण ही व्यक्ति प्रेम का पात्र बनता है।

(iii) परिवेशगत समानता सदा अव्यवस्था को जन्म देती है।

(iv) एक जैसे वातावरण में रहते हुए मानव समान आदर पाते हैं।

(घ) पद्यांशानुसार फूल निम्न में से कौन-सा कार्य ***नहीं*** करता है ?

(i) भँवरों को अपना रस पिलाता है।

(ii) तितलियों को अपनी गोद में खिलाता है।

(iii) फल बनकर पशु-पक्षियों और मानव का पेट भरता है।

(iv) सुरों के शीश पर सोता है।

(ङ) 'फाड़ देता है किसी का वर वसन' में 'वसन' शब्द का अर्थ ............ है।

(i) व्यसन (ii) वस्त्र

(iii) वास (iv) वासना



Visit CollegeDekho

**3.** काव्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर ***सही*** कथन छाँटिए :

(i) कविता में अपाहिज व्यक्ति को बलवान कहा गया है।

(ii) कविता में दूरदर्शन वाले को दुर्बल कहा गया है।

(iii) दूरदर्शन के परदे पर वक्त की कीमत है।

(iv) दूरदर्शन पर मनोवैज्ञानिक कार्यक्रम दर्शाया गया है।

(ख) 'रुद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष' – यहाँ 'क्षुब्ध' का अर्थ ........... है।

(i) साहस (ii) खिन्न

(iii) खुशी (iv) रुका हुआ

(ग) 'रुबाइयाँ' कविता में रक्षाबंधन के सुबह आसमान में गगन की कैसी घटा छायी है ?

(i) काली-काली (ii) गीली-गीली

(iii) हलकी-हलकी (iv) भीनी-भीनी

(घ) 'बात सीधी थी पर' कविता में बात या भाषा के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(i) तोड़ने-मरोड़ने से बात अधिक पेचीदा हो गई।

(ii) घुमाने-फिराने से बात अधिक पेचीदा हो गई।

(iii) उलटने-पलटने से बात अधिक पेचीदा हो गई।

(iv) सहजता-सरलता से बात अधिक पेचीदा हो गई।



Visit CollegeDekho

(ङ) 'आत्मपरिचय' कविता में कवि जीवन में क्या ***नहीं*** लिए फिरता है ?

(i) निज उर के उद्गार

(ii) निज उर के उपहार

(iii) चमन की बहार

(iv) स्वप्नों का संसार

**4.** गद्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) भक्तिन अपना घर छोड़कर किस शहर में काम ढूँढ़ने गई थी ?

(i) अहमदाबाद

(ii) कानपुर

(iii) लखनऊ

(iv) फर्रुखाबाद

(ख) ***'बाज़ार दर्शन'*** नामक पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए ***सही*** कथन को चयनित करके लिखिए :

(i) जब मनुष्य बेचैन हो जाता है तब वह बाज़ार की ओर उन्मुख हो जाता है।

(ii) जब मनुष्य तुलना करने लगता है तब असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या के भाव मन में उभरते हैं।

(iii) जब मनुष्य को बाज़ार आमंत्रित करता है तब उसकी व्याकुलता उसका कारण होती है।

(iv) जब मनुष्य को बाज़ार तिरस्कार करता है तब वह इसका सही लाभ ले सकता है।



Visit CollegeDekho

(ग) ***'शिरीष के फूल'*** नामक पाठ के आधार पर निम्न कथनों में से ***सही*** विकल्प चुनिए :

***कथन :***

1. शिरीष के वृक्ष बड़े और छायादार होते हैं।
2. शिरीष के फल मजबूत होते हैं।
3. पलास वृक्ष पर वसंत ऋतु में फूल खिलते हैं।
4. शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कोमल माना गया है।

(i) कथन 1 और 2

(ii) कथन 1, 2 और 3

(iii) कथन 1, 3 और 4

(iv) कथन 1, 2, 3 और 4

(घ) डॉ० भीमराव आंबेडकर ने किसके वास्तविक रूप को दूध और पानी के मिश्रण की भांति बताया है ?

(i) भाईचारा (ii) समानता

(iii) जाति-प्रथा (iv) अपना-पराया

(ङ) कुश्ती बंद करवाकर लुट्टन सिंह को किसने अपने पास बुलवाया ?

(i) बादल सिंह ने (ii) लुट्टन सिंह के गुरु ने

(iii) राजा साहब ने (iv) रूप सिंह ने



Visit CollegeDekho

**5.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) प्रसारण के लिए तैयार की जा रही समाचार कॉपी के लिए एक लाइन में अधिकतम कितने शब्द होने चाहिए ?

(i) 6-8 शब्द (ii) 9-11 शब्द

(iii) 12-13 शब्द (iv) 14-15 शब्द

(ख) 'न्यूजपेग' से आप क्या समझते हैं ?

(i) कथात्मक शैली में लेखन

(ii) आलेख की तरह लेखन

(iii) केस स्टडी प्रारूप में लेखन

(iv) अन्य खबर से जोड़कर लेखन

(ग) गहरी छानबीन, विश्लेषण और व्याख्या के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट ............ कहलाती है।

(i) विशेष रिपोर्ट (ii) संपादकीय रिपोर्ट

(iii) सामान्य रिपोर्ट (iv) प्रेस रिपोर्ट

(घ) निम्नलिखित में से कौन-सा समाचार आर्थिक जगत से है ?

(i) सांस्कृतिक सॉफ्ट पॉवर से पर्यटकों को आकर्षित करेगा भारत।

(ii) समाज के लोगों की सेवा करना ही समाज सेवा है।

(iii) व्यक्तिगत ऋण श्रेणी में गोल्ड लोन काफ़ी तेजी से बढ़ रहा है।

(iv) प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों की खुराक भत्ते बढ़ाने की घोषणा की।



Visit CollegeDekho

(ङ) उलटा पिरामिड शैली के संबंध में कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(i) यह लोकप्रिय शैली है।

(ii) यह उपयोगी शैली है।

(iii) यह बुनियादी शैली है।

(iv) इस शैली का प्रयोग 18वीं सदी के मध्य से शुरू हो गया था।

**6.** ***'व्याकरण'*** पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) हस्तलिखित शब्द में ............. समास है।

(i) संबंध तत्पुरुष समास (ii) करण तत्पुरुष समास

(iii) अपादान तत्पुरुष समास (iv) संप्रदान तत्पुरुष समास

(ख) निम्नलिखित में से 'बहुव्रीहि समास' के ***सही*** उदाहरण छाँटिए :

(i) मक्खीचूस, पाठशाला, महात्मा

(ii) महात्मा, गिरिधर, मक्खीचूस

(iii) गिरिधर, महात्मा, अनदेखा

(iv) निडर, मक्खीचूस, गिरिधर

(ग) 'निर्धन' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?

(i) यण् सन्धि (ii) व्यंजन सन्धि

(iii) विसर्ग सन्धि (iv) अयादि सन्धि



Visit CollegeDekho

(घ) 'मेरे पास केवल मात्र एक कलम है' – वाक्य-शोधन कीजिए।

(i) मेरे पास केवल मात्र एक कलम है।

(ii) मात्र मेरे पास एक कलम है।

(iii) मेरे पास केवल एक कलम है।

(iv) केवल मेरे पास मात्र एक कलम है।

(ङ) 'मैं इतना मीठा दूध नहीं पी सकता।' इस वाक्य में ............. दोष है।

(i) अन्विति का

(ii) क्रिया का

(iii) पदक्रम का

(iv) सर्वनाम का

## खण्ड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**7.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउँ नाथ तुरंत।

अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चलेउ हनुमंत।।

भरत बाहु बल सील गुन प्रभु पद प्रीति अपार।

मन महुँ जात सराहत पुनि-पुनि पवनकुमार।।



Visit CollegeDekho

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए :

पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे
अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं
पृथ्वी और भी तेज़ घूमती हुई आती है
उनके बेचैन पैरों के पास !

*प्रश्न :*

(क) पद्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए। 1

(ख) सुनहले सूरज के सामने आने से कवि का क्या अभिप्राय है ? 1

(ग) गिरकर बचने पर बच्चों में क्या प्रतिक्रिया होती है ? 1

(घ) पैरों को बेचैन क्यों कहा गया है ? 1

(ङ) पद्यांश में आए 'रंध्रों' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1



Visit CollegeDekho

**8.** काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) 'एक गीत' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) 'उषा' कविता के संदर्भ में लिखिए कि 'उषा का जादू टूटने' से आप क्या समझते हैं ? 2

**9.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियाँ और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए :

मैनें मन से कहा, ठीक। बाज़ार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है ? मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो, तो भी देखने में क्या हरज है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है, आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाज़ार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाज़ार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके अपने पास काफ़ी नहीं है और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है, ओह! कोई अपने को न जाने तो बाज़ार का यह चौक उसे कामना से विकल बना छोड़े।



Visit CollegeDekho

*प्रश्न :*

(i) लेखक और पाठ का नाम बताइए। 1

(ii) 'मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है, ओह!' में 'परिमित' शब्द का क्या अर्थ है ? 1

(iii) ऊँचे बाज़ार से लेखक का क्या तात्पर्य है ? 1

(iv) गद्यांश का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए। 1

(v) बाज़ार का आमंत्रण कि, 'आओ मुझे लूटो' से क्या आशय है ? 1

**10.** गद्य-खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) जाति-प्रथा के आधार पर श्रम-विभाजन को स्वाभाविक क्यों नहीं माना है ? 3

(ख) भक्तिन पाठ के आधार पर पंचायत द्वारा किए गए अन्याय पर टिप्पणी कीजिए। 2

**11.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पर आधारित निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5

'एक देश, एक चुनाव' विषय पर भारत के संदर्भ में एक रचनात्मक लेख लिखिए।

**अथवा**

कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपांतरित किया जा सकता है ?



Visit CollegeDekho

**अथवा**

***योग्यता आधारित प्रश्न :***

चित्र को देखकर संभावित भावों का **250** शब्दों में उल्लेख कीजिए :



**12.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकानुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) रेडियो नाटक की किन्हीं ***तीन*** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

(ख) इंटरनेट की किन्हीं ***दो*** खूबियों का वर्णन कीजिए। 2

**13.** ***'वितान (भाग – 2)'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) किशनदा की कोई ***तीन*** चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 3

(ख) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ? 2

(ग) 'अतीत में दबे पाँव' में वर्णित महाकुंड का वर्णन कीजिए। 2



Visit CollegeDekho

**14.** ***'व्याकरण'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) (i) रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) 'काली घटा का घमण्ड घटा।' पंक्ति में अलंकार का नाम बताइए। 1

(ख) यण स्वर संधि के किन्हीं ***दो*** लक्षणों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए। 2

**15.** ***'आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा)'*** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों में दीजिए :

(क) जीवन पथ पर सफलता पाने के लिए क्या जरूरी है ? 2

(ख) जीवन में आगे बढ़ने के लिए सुख-साधनों की तुलना में मजबूत मनोबल अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 2

(ग) मानसिक दृढ़ता के आधार को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

(घ) विपरीत परिस्थितियों में भी स्वामी विवेकानंद अपने किन गुणों के कारण आगे बढ़ते रहे ? 2



Visit CollegeDekho